सरकारी जमीन पर भाजपा-कांग्रेस में तकरार

मल्ला रामगढ़ में कांग्रेस के धरना कार्यक्रम के दौरान पहुंची भाजपा की पैदल यात्रा, दोनों दलों ने एक दूसरे के खिलाफ लगाए नारे

सियासत

भवाली, संवाददाता। मल्ला रामगढ़ में बुधवार को सरकारी जमीनों को कथित तौर पर निजी हाथों में सौंपे जाने के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। लोनिवि निरीक्षण भवन और उद्यान विभाग की 300 नाली भूमि को लेकर दोनों दलों के बीच जमकर नारेबाजी हुई।

कथित भूमि सौदों के विरोध में उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस ने लोनिवि गेस्ट हाउस के पास धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। दोपहर 2 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित पांडे और कुंदन चिलवाल के नेतृत्व में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पैदल यात्रा वहां पहुंची। धरना स्थल के पास दोनों पक्षों के बीच जोरदार नारेबाजी शुरू हो गई। भाजपाइयों ने रामगढ़ बाजार में कांग्रेस का पुतला दहन किया। स्थिति को नियंत्रित करने और दोनों पक्षों को समझाने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। देर शाम तक मल्ला रामगढ़ बाजार में राजनीतिक गहमागहमी का माहौल बना रहा। स्थिति को देखते हुए कोतवाल प्रकाश सिंह मेहरा ने पुलिस टीम के साथ दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों दलों के कार्यकर्ता पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। कांग्रेस के 'भूमि बचाओ धामी हटाओ' मुहिम के तहत दिए गए धरने में पूर्व विधायक कपकोट ललित फर्स्वाण, ब्लॉक प्रमुख रामगढ़ दीप कुमार आर्या, पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह नेगी, पूर्व दर्जाधारी हरीश पनेरू, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बिष्ट, प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा नवाब हुसैन, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गणेश आर्या, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश बृजवासी, हेमंत डालाकोटी, प्रेम पथिक, नीरज कुमार, नंदू बिष्ट, भुवन दरम्वाल, लक्की बिष्ट, हेमू दरम्वाल, जीवन मेवाड़ी, पारस मिश्रा, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने भी दे दिया धरना: बाद में भाजपाई भी सड़क किनारे धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेसियों को वहां से हटाया जाए, तभी वे भी हटेंगे। इसके बाद भाजपाइयों ने सीएम पुष्कर धामी के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपाइयों ने रामगढ़ बाजार में कांग्रेस का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। यहां दर्जाधारी देवेंद्र ढैला, जिला मंत्री कुंदन चिलवाल, विधायक प्रतिनिधि कमलेश बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट, अभिषेक नेगी, गोविंद सिंह रावत, केसर सिंह नेगी, अमित नेगी, बहादुर सिंह, पंकज जोशी, राजेंद्र नेगी, सुभाष रैक्वाल आदि रहे।



मल्ला रामगढ़ में बुधवार को कांग्रेस के धरने के दौरान भाजपाई पहुंचे तो पुलिस ने व्यवस्था संभाली। ● हिन्दुस्तान

तकरार

> जमीन कब्जाने वाले कांग्रेस नेता भूमि बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं। वनभूलपुरा में अवैध कब्जे पर चुप्पी साधने वाली कांग्रेस सरकार द्वारा 13 हज़ार एकड़ अवैध रूप से कब्जाई गई सरकारी भूमि को मुक्त कराने के अभियान पर अनावश्यक हल्ला मचाती है।
> **-महेंद्र भट्ट,** प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा

> सरकारी जमीनों, संपत्तियों को निजी हितों के लिए इस्तेमाल करने तथा सरकारी जमीनों को खुर्दबुर्द करने खिलाफ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। राज्य की प्रदेश की जनता के हितों, प्राकृतिक संसाधनों और सरकारी संपत्तियों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। **-गणेश गोदियाल,** प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस

विपक्ष के सवाल

कौड़ियों में दी जा रहीं संपत्तियां



कांग्रेस की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सरकार पर बेशकीमती संपत्तियां बाजार मूल्य से कम कीमत पर देने का आरोप लगाया। मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में सैलजा और देहरादून में गोदियाल ने कई बेशकीमती जमीनों के बंदरबांट के आरोप लगाए....

- **नैनीताल:** पटवाडांगर क्षेत्र में 13.64 एकड़
- **अल्मोड़ा:** निरीक्षण भवन अल्मोड़ा एवं निरीक्षण भवन कटारमल।
- **रानीखेत:** चौबटिया उद्यान पार्क एवं निरीक्षण भवन रानीखेत।
- **हल्द्वानी:** एचएमटी रानीबाग में 53 एकड़
- **भीमताल:** रामगढ़ में 15 एकड़, निरीक्षण भवन रामगढ़, निरीक्षण भवन रातीघाट-कैंचीधाम।
- **ऋषिकेश:** आईडीपीएल ऋषिकेश में 633 एकड़
- **देहरादून:** डाकपत्थर में 180 एकड़
- **मसूरी:** जॉर्ज एवरेस्ट, एस्टेट (पार्क एस्टेट), हाथीपांव मसूरी में लगभग 142 एकड़
- टिहरी गढ़वाल: धनोल्टी में 247 एकड़, निरीक्षण भवन कद्दूखाल
- हरिद्वार: अलकनंदा होटल, हरकी पैड़ी, सलेमपुर महदूद में 21 एकड़
- 12 जिलों की 40 सरकारी भूमि और ऐतिहासिक धरोहर भवनों को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया चल रही है। इनका बाजार मूल्य कम से कम एक लाख करोड़ है।
- विभागों की करीब 1,080 एकड़ भूमि होटल परियोजनाओं, निवेश के नाम पर निजी हाथों में देने का रास्ता खोला गया है।
- जनवरी 2025 में नैनीताल के पटवाडांगर, चकराता के नगऊ, धनोल्टी और टिहरी के मगरा की जमीन होटल एवं रिजॉर्ट के लिए देने की मंजूरी दी गई। नवंबर 2025 में ई-फाइल पर मुख्यमंत्री की डिजिटल मंजूरी भी दर्ज हुई।

निजी हाथों में जमीन देने की तैयारी: आर्य

कांग्रेस के आरोप

नैनीताल, संवाददाता। कांग्रेसियों ने बुधवार को धरना देकर पटवाडांगर की सरकारी भूमि को निजी हाथों में सौंपने का आरोप लगाते हुए धरना दिया। एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव गुरदीप सिंह सप्पल और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रस्तावित योजना पर सवाल उठाते हुए इसे निरस्त करने की मांग की। जमीन बचाने के लिए रक्षा सूत्र बांधकर संकल्प लिया।

नेता प्रतिपक्ष आर्य ने आरोप लगाया कि सरकार एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी जमीनों और धरोहर संपत्तियों को 60 से 90 साल की लीज पर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। पटवाडांगर में न तो पहले पैमाइश हुई और न भूमि का स्वामित्व स्पष्ट था, इसके बावजूद इसे होटल परियोजना के लिए लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। दस्तावेजों में अलग-अलग समय पर जमीन का मालिक और रकबा भी अलग-अलग दर्शाया गया है। यहां 13.64 एकड़ जमीन 90 साल के लिए 37.80 करोड़ रुपये के रिजर्व प्राइस और पांच रुपये प्रति वर्गमीटर सालाना किराये पर देने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि इसका बाजार मूल्य 82 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। आरोप लगाया कि होटल को प्राथमिकता देने के लिए एसटीपी के प्रस्ताव को भी दूसरी जगह स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। गुरदीप सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की जमीन जनता की संपत्ति हैं। कांग्रेस प्रदेश की संपत्तियों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस ने हाईकोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, नगर अध्यक्ष सचिन नेगी, पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल, जिला प्रभारी डॉ. गणेश उपाध्याय, हिमांशु पांडे, सतीश नैनवाल, जिशांत कुमार सिंक, पीके शर्मा, भावना भट्ट, मुन्नी तिवारी, मीमांशा आर्या, सुनीता आर्या, सूरज पांडे, संजय कुमार संजू, प्रशांत जोशी, खुशाल सिंह, पुष्कर आदि रहे।



पटवाडांगर में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित कांग्रेसियों ने धरना दिया।

'रोजगार के अवसर पैदा कर रही सरकार'

भाजपा के दावे

हल्द्वानी, मुख्य संवाददाता। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर बुधवार को भाजपा नेताओं ने हल्द्वानी में प्रेसवार्ता की। कांग्रेस को मुद्दाविहीन बताते हुए आरोप लगाया कि वह विकास योजनाओं को लेकर जनता में भ्रम फैला रही है।

रामपुर रोड स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत में मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने पटवाडांगर के मुद्दे पर कहा, वहां उद्योग लगाने पर केवल चर्चा हुई है, कोई निर्णय नहीं हुआ। रानीबाग की बंद एचएमटी फैक्ट्री की जमीन पर रोपवे, पर्यटन गतिविधियां शुरू कर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में सरकार काम कर रही है। सरकारी गेस्ट हाउसों को पर्यटन से जोड़कर आय बढ़ाने के लिए लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है। अब तक सात हजार बीघा जमीन चिह्नित करने का दावा किया। दर्जाधारी सुरेश भट्ट ने कहा कि कांग्रेस विकास कार्यों में बाधा डालने के बजाय सकारात्मक भूमिका निभाए। हुकुम सिंह कुंवर, नवीन वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश तिवारी, मनोज पाठक, भुवन जोशी आदि मौजूद रहे।

रानीबाग से लौटे: पटवाडांगर में जमीन के मुद्दे पर कांग्रेस के रानीबाग में भी प्रदर्शन की सूचना पर मेयर गजराज बिष्ट, मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट समेत कई भाजपा नेता विरोध जताने पहुंच गए। लेकिन, वहां कांग्रेस का प्रदर्शन नहीं मिलने के बाद सभी लौट आए।



भाजपा ने बुधवार को ज्योलीकोट में विकास समर्थन सभा आयोजित की। ● हिन्दुस्तान

सरकारी संपत्तियों का सदुपयोग कर रही सरकार

नैनीताल। सरकारी भूमि और अनुपयोगी भवनों का सदुपयोग कर पर्यटन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाजपा ने बुधवार को ज्योलीकोट में 'विकास समर्थन सभा' आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। विधायक सरिता आर्या ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विकास के प्रयासों का विरोध कर रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, दर्जाधारी शांति मेहरा, दयाकिशन पोखरिया, अरविंद पड़ियार, पुष्कर जोशी, विमला अधिकारी, प्रगति जैन, सुरेश उप्रेती, हरगोविंद रावत, कविता गंगोला, अंबादत्त आर्या आदि रहे।

सत्ता के जवाब

कांग्रेस प्रदेश के विकास को बाधित कर रही: सुबोध

देहरादून, मुख्य संवाददाता। कांग्रेस के जमीनों को खुर्दबुर्द करने के आरोपों पर सरकार और भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए खारिज किया।

कांग्रेस के आरोपों के जवाब देने के लिए पहले प्रमुख सचिव नियोजन डॉ. आर. मीनाक्षीसुंदरम और उद्योग सचिव विनय शंकर पांडे ने मोर्चा संभाला। फिर संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल भी आगे आए। सुबोध ने आरोपों को भ्रामक बताया। कहा कि निवेश के लिए दी गई जमीनों का सौ फीसदी मालिकाना हक सरकार के पास रहेगा। लेकिन कांग्रेस, दिल्ली में बैठे अपने आकाओं के आदेश पर राज्य में विकास और निवेश के माहौल को खराब करने और जनता को गुमराह करने का काम रही है। यूआईआईडीबी द्वारा आवंटित भूमि को लेकर स्पष्ट किया कि ऐसी सभी भूमि का स्वामित्व पूरी तरह सरकार के पास सुरक्षित रहेगा। यह अनुबंध संबंधित संस्थाएं एवं इकाइयों को केवल विकास और संचालन का सीमित अधिकार देता है। जिसके तहत निजी निवेशकों को केवल स्वीकृत परियोजनाओं के विकास और संचालन का सीमित अधिकार दिया जाएगा। और सबसे महत्वपूर्ण है कि यह अधिकार भी कड़ी शर्तों, चरणबद्ध विकास, निवेश प्रतिबद्धताओं और पर्यावरणीय सुरक्षा मानकों के अधीन होगा।

> सरकार परिसंपत्ति मुद्रीकरण की राष्ट्रव्यापी स्थापित प्रक्रिया के अनुसार काम कर रही है। यह सार्वजनिक संपत्तियों का उपयोग विकास के लिए करने का तरीका है।
> **-सुबोध उनियाल,** संसदीय कार्यमंत्री



एमबीपीजी ने जीती अंतर महाविद्यालय कबड्डी ट्रॉफी

नैनीताल, संवाददाता। कुमाऊं विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता बुधवार को नैनीताल में आयोजित हुई। जिसमें नौ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में एमबीपीजी कॉलेज ने रुद्रपुर कॉलेज को हराकर ट्रॉफी जीती।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट रहे। रामनगर के खिलाड़ी ट्रायल के रूप में शामिल हुए, जबकि डीएसबी, राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी, इंदिरा प्रियदर्शिनी गर्ल्स कॉलेज हल्द्वानी, राधे हरि महाविद्यालय काशीपुर, बाजपुर, खटीमा, एसबीएस रुद्रपुर और एमबीपीजी कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। नॉकआउट आधार पर खेले गए सेमीफाइनल में एमबीपीजी और एसबीएस रुद्रपुर ने फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट में राष्ट्रीय खिलाड़ी मनमोहन बसेरा, मोनिका, राजेंद्र नेगी, विमल, प्रवीण सिंह राणा ने रेफरी और टेक्निकल की भूमिका निभाई। शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। कुलपति प्रो. बिष्ट ने कहा, कि पंजाब-हरियाणा की तरह कुविवि की छात्राएं भी खेल के दम पर पुलिस विभाग में उच्च पदों तक पहुंचे, विश्वविद्यालय इसके लिए हर संभव मदद करेगा। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने बताया, कि यह चयन ट्रायल भी था। लगभग 110 खिलाड़ियों में से 12 का चयन होगा, जो दिसंबर में एमजीएम यूनिवर्सिटी मोहाली में होने वाले नॉर्थ जोन टूर्नामेंट में विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। कुलसचिव प्रो. रितेश साह, परिसर निदेशक प्रो. संजय पंत, छात्र संघ अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह चौहान, सचिव कमल कार्की मौजूद रहे।

वाद-विवाद में हर्षिता और कुबेर ने मारी बाजी

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। 37 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्नातक में हर्षिता जोशी प्रथम, प्रिंस मेहरा द्वितीय और रितेश कृष्ण फर्तियाल तृतीय रहे। स्नातकोत्तर में कुबेर सिंह ने पहला, करन बिष्ट ने दूसरा व युवराज कोहली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीआर पंत ने किया। निर्णायक चीफ प्रॉक्टर प्रो. मनीषा तिवारी, डॉ. किरन कर्नाटक और डॉ. अक्षय गुरुरानी रहे। संयोजक डॉ. जीवन सिंह गढ़िया भी मौजूद रहे।

बाजपुर से चुनाव लड़ेंगे यशपाल आर्य

नैनीताल। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आगामी विधानसभा चुनाव बाजपुर सीट से लड़ने का ऐलान किया है। बुधवार को नैनीताल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बाजपुर उनकी कर्मभूमि है। वह 15 वर्षों से वहां की जनता की सेवा करते आ रहे हैं। इसी को देखते हुए बाजपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

उन्होंने नैनीताल विधानसभा क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ताओं, साथियों और स्थानीय नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि यहां के लोगों ने हमेशा उन्हें सहयोग और समर्थन दिया है।

बोर्ड बैठक में उठे मुद्दे, खुटानी में शौचालय बनाने की मांग

भीमताल, संवाददाता। नगर पालिका भीमताल में बुधवार को अध्यक्ष सीमा टम्टा की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। जिसमें सभासदों ने अपने-अपने वार्डों से जुड़े विभिन्न प्रस्ताव रखे और नगर की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

खुटानी क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय बनाने का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा। नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक पर अंकुश लगाने व लावारिस पशुओं को गोशाला भेजने की व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई। होटल और होमस्टे संचालकों को यूजर चार्ज जमा करने में दो माह की छूट देने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभासदों ने नगर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया। पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा ने कहा, बोर्ड बैठक में सभासदों की ओर से विभिन्न जनहित से जुड़े प्रस्ताव रखे गए हैं। इन प्रस्तावों पर जरूरी कार्रवाई करते हुए जल्द कार्य शुरू कराने का प्रयास किए जाएंगे।

जनसमस्याओं के समाधान पर ध्यान

नैनीताल। आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने बुधवार को डीडीए सभागार में जनसुनवाई की। भीमताल, नैनीताल, भवाली व अन्य क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याओं के समाधान को निर्देश दिए।

लोगों ने घरों की मरम्मत, टीन शेड निर्माण, दीवार बनाने, छत की मरम्मत व भवन मानचित्र स्वीकृति से जुड़ी परेशानियां रखीं। टैक्सी यूनियन ने टैक्सी बाइक संचालन से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसपर उपाध्यक्ष ने आईजी से फोन पर वार्ता कर समस्या के उचित समाधान को कहा।

'पेंशनर्स के हितों के लिए संघर्ष की जरूरत'

- गोल्डन कार्ड के बढ़े अंशदान का प्रस्ताव वापस लेने की मांग
- सभी अस्पतालों में कैशलेस सुविधा लागू करने पर जोर

हल्द्वानी, मुख्य संवाददाता। उत्तराखंड सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन की मासिक बैठक बुधवार को बद्रीपुरा स्थित संघ भवन में हुई। इसमें पेंशनर्स की समस्याओं और उनके हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीसी जोशी ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स के हितों के संरक्षण के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। पूर्व की तरह संगठन को अपने अधिकारों के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक में गोल्डन कार्ड योजना के तहत अंशदान में अत्यधिक वृद्धि करने संबंधी कैबिनेट के प्रस्ताव पर नाराजगी जताई गई। उन्होंने सरकार से इस प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने और प्रदेश के सभी अस्पतालों में गोल्डन कार्ड के तहत कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने की मांग की। जेएस कन्याल और पीसी पंत ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों का समय पर भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भुगतान में देरी से पेंशनर्स को परेशानी उठानी पड़ रही है। अध्यक्ष एससी पंत ने कहा, सरकार पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। औपचारिक कार्यक्रमों से समस्याएं दूर नहीं होंगी। सचिव जीवन चंद्र पन्तौला, बीएस गैड़ा, मोहन चंद्र तिवारी, मदन राम आर्या, टीसी जोशी, जेएस खोलिया, आरसी अग्रवाल, हरीश सिंह ऐरी और एचबी जोशी आदि मौजूद रहे।

डॉ. तिवारी को मिलेगा राज्य गौरव सम्मान



हल्द्वानी। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक कुमाऊं विवि के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी का चयन उत्तराखंड गौरव सम्मान के लिए हुआ है।

उनका चयन पत्रकारिता, लेखन और अध्यापन में उल्लेखनीय कार्यों के लिए किया गया है। तिवारी को हाल में उनकी पुस्तक के लिए प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव सम्मान प्रदान किया गया था। अमेरिका, हंगरी और मॉरीशस सहित देश की कई संस्थाओं से भी पुरस्कृत हो चुके हैं।

शहर 30



लालकुआं में बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष को सम्मानित किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष लोटनी सम्मानित

लालकुआं। भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी को गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन उत्तराखंड ने सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष बच्ची सिंह रावत एवं संगठन मंत्री त्रिवेणी सहाय गंगवार के नेतृत्व में उन्हें शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर सम्मान पत्र भेंट किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि सेना में देशसेवा के बाद लोटनी लगातार सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में योगदान दे रहे हैं।



नैनीताल बैंक ने बुधवार को कर्णप्रयाग अस्पताल को एम्बुलेंस भेंट की। ● हिन्दुस्तान

नैनीताल बैंक के नए परिसर का उद्घाटन

नैनीताल। नैनीताल बैंक लिमिटेड की ओर से सीएसआर फंड के तहत कर्णप्रयाग स्थित उप जिला चिकित्सालय को एंबुलेंस भेंट की। दो स्कूलों के छात्रों को बैग, ट्रैक सूट और शैक्षणिक किट बांटी गई। हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की उपस्थिति रही। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुशील कुमार लाल ने तल्लीताल शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया। कार्यपालक निदेशक कुलदीप सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी अनिल कुमार, मुख्य वित्तीय अधिकारी सुमंत चक्रवर्ती, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट सनी मेहरा आदि रहे।

रामनगर कांग्रेस से विजय ने पेश की दावेदारी



रामनगर। अमेरिका में 28 वर्षों से कंप्यूटर इंजीनियर व डेटा साइंटिस्ट के रूप में कार्यरत एनआरआई विजय शर्मा भदौला ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामनगर से कांग्रेस के टिकट पर दावेदारी के पेश की। राज्य आंदोलनकारी परिवार से ताल्लुक रखने वाले भदौला ने कहा कि वे अमेरिकी करियर को दांव पर लगाकर रामनगर के विकास के लिए लौटे हैं। खुर्शीद आलम, मोहसिन खान, गोपाल दत्त नैनवाल, डॉ. शहजाद आदि रहे।



शेरवुड कॉलेज में बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वार्षिक एथलेटिक्स में राबिनहुड हाउस विजेता

नैनीताल। शेरवुड कॉलेज की 104वीं वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने मार्चपास्ट की सलामी ली। राबिनहुड हाउस ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि फ्रायर-टक हाउस दूसरे स्थान पर रहा। हॉर्समैन विंग (जूनियर वर्ग) में एलन-ए-डेल हाउस प्रथम रहा। सहजजोत जम्मू, आदेश प्रताप सिंह गिल, मान्या रौतेला, सारष्टी सिंह और अर्णव खंडेलवाल को विभिन्न वर्गों में सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार दिया गया।

यूको बैंक UCO BANK (भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking) सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

अचल कार्यालय : प्लॉट नं0 5, आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड -248001

(नियम-8 (6)) अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 26.11.2026 को दोपहर 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे (10 मिनट के असिमित स्वत: विस्तार सहित है) ई-नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चों की वसूली हेतु विक्रय किया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:-

ऋणी/गारंटर का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	कब्जा लेने की तिथि	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि
शाखा : रूद्रपुर ऋणी: मैसर्स असांरी इलैक्ट्रीकलस, प्रोपराइटर/गारंटर :- मुज्जम्मिल हुसैन असांरी, दोनों का पता :- सिबली सिनेमा रोड़, खोआ मार्केट, रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर-263153	बंधक टाईटल डीड नं0 1358, बही नं0 1, जिल्द नं0 307/401, पृष्ठ नं0 227/47-50 जो दिनांक: 11.05.2007 को श्री मुजम्मिल हुसैन अंसारी के नाम पर उप रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा में पंजीकृत है, अनुसूची : खाता नंबर 0463, खसरा नंबर 149ए मिन, क्षेत्रफल 135.22 वर्ग मीटर राजस्व ग्राम-भमरौला, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर-263153, सीमाएं- उत्तर- इम्तियाज अहमद की भूमि, दक्षिण-30 फिट चौड़ी सड़क, पश्चिम- वहीद अहमद की भूमि, पूर्व- राजू अंसारी का प्लॉट।	18.11.2024 मांग सूचना की तिथि 19.09.2024	रू0 69,17,622.02 + अन्य खर्चे एवं ब्याज दिनांक 30.04.2024 तक	26.11.2026 दोपहर 01:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक	रू0 20,21,000/- रू0 2,02,100/- रू0 50,000/-

बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 26.11.2026 दोपहर 01 बजे से सायं 4:50 बजे तक

संपति निरीक्षण की तिथि व समय 23.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
कृपया एन. जगन्नाथ रेड्डी, मुख्य प्रबन्धक, मो0- 7978673652 से सम्पर्क करें।

नियम एवं शर्तें:- 1. बिक्री प्रतिभूति हित पवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तो के अधीन होगी। पर उपलब्ध है। बिक्री से संबधित नियमों व शर्तो की जानकारी दी गई वेबसाइड वेबपोर्टल: https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को "जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जो भी है" "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नही होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 26.11.2026 को दोपहर: 01:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की ओर से बोली लगाने हेतु प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार 23.11.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

दिनांक: 04.11.2026 स्थान -रूद्रपुर प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

सिटी हॉस्पिटल
(अति आधुनिक सुविधा युक्त एकमात्र अस्पताल)
इलाज का खर्च मुठ्ठी में (बज़ट में)
ECHS (Ex Army), ESI (Factory Workers) व आयुष्मान तथा अन्य TPA (Mediclaim) द्वारा फ्री इलाज
हार्ट (Echo) व रंगीन अल्ट्रासाउंड की सुविधा
तीन पानी, बरेली रोड, हल्द्वानी। फोन : 7505978944, 8393906048



विज्ञप्ति

मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्र संख्या: 53/विज्ञापन/2026-27 दिनांक: 15.10.2026 के द्वारा खालसा नेशनल बालिका इण्टर कॉलेज, हल्द्वानी एवं श्री गुरूतेग बहादुर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, हल्द्वानी (नैनीताल) के वर्ष 2004 एवं 2009 में बने सदस्यों की सूची के सम्बन्ध में आपत्तियाँ आमन्त्रित की गई।

आपत्तियों की संख्या अधिक होने तथा उनमें नियमानुसार निर्णय लेने के दृष्टिगत उक्तवत् सूची के अन्तिम प्रकाशन की तिथि दिनांक 05 नवम्बर, 2026 को अग्रिम तिथि तक स्थगित किया जाता है। आपत्ति निस्तारण होने के पश्चात सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

चुनाव अधिकारी/ खण्ड शिक्षा अधिकारी, हल्द्वानी (नैनीताल)।

नगर मजिस्ट्रेट/प्रबन्ध संचालक, खालसा नेशनल बालिका इण्टर कॉलेज, श्री गुरूतेग बहादुर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, हल्द्वानी (नैनीताल)

पत्रांक- 66/विज्ञप्ति/2026-27 दिनांक 04 नवम्बर, 2026